# सक्सेस मिरर

वर्ष : 12
अंक : 129
जनवरी : 2021

सफलता का कैप्सूल

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


5 | बाधा सहयोगी है

6 | समसामयिकी घटना संग्रह

7 | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

15 | आर्थिक घटना संग्रह
- विवाद से विश्वास योजना से केन्द्र को ₹ 72,480 करोड़ राजस्व की प्राप्ति
- ऋण देने वाली संस्थाओं को ब्याज योजनाओं पर ब्याज छूट का निर्देश
- पेटीएम ने छोटे कारोबारियों के लिए Payout Links लॉन्च किया

19 | राष्ट्रीय घटना संग्रह
- नीतीश कुमार 7वीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री
- प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में 30 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- अब सरकार के अधीन होंगे डिजिटल/ऑनलाइन मीडिया प्लेटफार्म
- प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में भारत की पहली सीप्लेन सेवा का किया शुभारम्भ

22 | अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह
- जोसेफ रॉबनेट बाइडेन जूनियर बने अमरीका के 46वें राष्ट्रपति
- यूएई ने शराब की खपत और लिव-इन पर इस्लामी कानूनों में दी छूट
- भारत-इटली वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020
- भारत-बांग्लादेश में एयर बबल समझौते के तहत् हवाई सेवा शुरू
- पेरिस जलवायु समझौते से बाहर हुआ अमरीका
- अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासन मामले में भारत दूसरे स्थान पर

25 | खेल खिलाड़ी
- मुंबई इंडियंस ने जीता 2020 का सीजन
- ICC ने महिला टी-20 विश्व कप 2022 स्थगित किया
- Jio होगा BCCI की विमेंस टी-20 चैलेंज 2020 का टाइटल स्पोंसर
- जोकोविच ने छठी बार जीती विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी की ट्रॉफी
- ज्ञानेंद्र निंगोम्बम बने पूर्वोत्तर से हॉकी इंडिया के पहले अध्यक्ष
- कोरोना के कारण रद्द किया गया फीफा U-17 महिला विश्व कप 2021

28 | विज्ञान समाचार

30 | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह

33 | समसामयिक वस्तुनिष्ठ प्रश्न

### लेख

36 | **संचार लेख**—सोशल मीडिया की प्रासंगिकता

37 | **सहभागी संगठन लेख**—गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका

84 | **कॅरियर सलाह**

86 | **प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता**

88 | **तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-126 का परिणाम**

89 | **रोजगार अवसर**

### हल प्रश्न-पत्र

**नाबार्ड असिस्टेंट परीक्षा, 2019**

38 | तर्कशक्ति

40 | सांख्यिकीय अभियोग्यता

51 | English Language

55 | हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा, 2019

64 | आरपीएफ/आरपीएसएफ भर्ती परीक्षा, 2018

### मॉडल हल

72 | आगामी एसएससी दिल्ली पुलिस कॉंस्टेबिल (कार्यकारी) परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

78 | आगामी बिहार पुलिस सिपाही (चालक) भर्ती परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे–इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी '**सक्सेस मिरर**' की नहीं है.



- **सम्पादक** : राहुल जैन
- **रजिस्टर्ड ऑफिस** : 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2
- **सम्पादकीय ऑफिस** : 1, स्टेट बैंक कॉलोनी, खन्दारी आगरा-मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
  फोन–2531101, 2530966
  ई-मेल : सम्पादकीय : publisher@pdgroup.in
  कस्टमर केयर : care@pdgroup.in
- **दिल्ली ऑफिस**
  4845, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली–110 002
  फोन–011-23251844, 43259035
- **पटना ऑफिस**
  पारस भवन (प्रथम तल)
  खजांची रोड, पटना–800 004
  फोन–0612-2303340
  मो–09334137572
- **कोलकाता ऑफिस**
  H-3, ब्लॉक-B म्यूनिसिपल प्रीमिसेस
  No.15/2, गालिफ स्ट्रीट, पी.एस. श्यामपुकुर
  कोलकाता–700 003 (W.B.)
  फोन–033-25551510
- **हैदराबाद ऑफिस**
  16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा
  आर.टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड
  (आन्ध्रा बैंक के बगल में), हैदराबाद–500 036
  (तेलंगाना) फोन–040-24557283
- **हल्द्वानी ऑफिस**
  8-310/1, ए. के. हाउस, हीरानगर, हल्द्वानी
  जिला–नैनीताल–263 139
  (उत्तराखण्ड)
  मो–07060421008



# बाधा सहयोगी है

**–साध्वी वैभव श्री 'आत्मा'**

> *"Anything which is a hindrance to the fight of the soul is a delusion and a snare, even like the body which often does hindes you in the path of salvation."*
>
> **—*Mahatma Gandhi***

*बाधा इस सृष्टि चक्र का एक नियम-सा ही है. इस सृष्टि चक्र में जैसे गति अनिवार्य है ऐसे ही बाधाओं का अस्तित्व भी. बाधाएं किसी भी रूप में क्यों न आएं जीवन में आती हैं, लेकिन इन्हीं बाधाओं को अपनी पद्धतियाँ बनाकर चलने वाला संकल्पी और साहसी इंसान अपनी गति को समय-समय पर समयानुकूल निर्देशित करने वाला जाग्रत इंसान कभी किसी भी बाधा को बाधा रूप में नहीं देखता, बल्कि उन्हें अपनी सफलता का सौपान बना लेता है, सफलता की सीढ़ियाँ बना लेता है. बचपन से अब तक न जाने कितने लोगों ने हमारी ख्वाहिशों को, उम्मीदों को पूरा करने में मदद की ? न जाने कितनों ने हमारी इच्छाओं, भावनाओं, कल्पनाओं, ख्वाहिशों, उम्मीदों को मदद करने, पूरा करने में बाधा पहुँचायी, ऊपरी दृष्टि से देखें, तो बाधा पहुँचाने वाले हमें बुरे लगे होंगे, मदद करने वाले अच्छे लगे होंगे, लेकिन गहरी दृष्टि से देखें, तो बाधा करने वाले भी मददगार ही साबित हुए, क्योंकि जैसे ही उन्होंने बाधा पहुँचायी. हमारे भीतर होश जागा कि मैं इस दिशा में जा रहा हूँ वह सही है भी या नहीं, खोज लूँ जरा. पुनः विश्लेषण करने की एक सम्भावना, बाधा पहुँचाने वालों में रहती है. बाधाओं से प्रभावित अपने व्यवहार की हम प्रतिलेखना कर सकें, अवलोकन कर सकें. इसके लिए बाधाओं ने हमें विराम दिया और तो और इन बाधाओं ने कई बार हमारे भीतर ऐसी चुनौती जगायी, ऐसे चेलेंज जगाए, उन्होंने हमारी गति को तीव्र बना डाला. नदियाँ सागर तक पहुँचे ही न, अगर बीच-बीच में चट्टानें आकर के नदियों की गति के प्रवाह को तेज न कर दें. उस प्रवाह में उत्तेजना न भर दें. इस दृष्टि से देखें, तो ये बाधाएं वरदान साबित होती हैं और फिर कितनी भिन्न-भिन्न प्रकृति के लोगों के साथ हम रहते हैं ? ऐसे में सबकी सोच संस्कार शैली एक-दूसरे के लिए बाधक रूप भी हो सकती है और कभी सहयोगी भी, लेकिन जब बाधक रूप है वह ही वस्तु बाधक रूप नहीं है. उन बाधाओं की गहराई में जाएं, तथ्यों को जानें, तो हमें हैरानी होगी. संसार में जितने भी महान् व्यक्ति हुए हैं उनके जीवन में आयी बाधाओं ने ही उन्हें अपना लक्ष्य साधने में सहायता की. बाधाओं से वे विचलित नहीं हुए इन महान् व्यक्तियों में वे भी हैं जिन्हें हम भगवान का अवतार मानते हैं या जिन्हें साक्षात् ईश्वर ही मानते हैं. राम, कृष्ण, परशुराम, ईसामसीह, पैगम्बर मुहम्मद, महात्मा गांधी, कार्ल मार्क्स आदि.*